सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-539
04/11/2017

बेगूसराय के सिमरिया घाट पर गंगा स्नान के दौरान हुये हादसे में तीन महिलाओं की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया। मृतक के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुदान राशि देने का निर्देश।

पटना, 04 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय के सिमरिया घाट पर गंगा स्नान के दौरान हुये हादसे में तीन महिलाओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुदान राशि देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों का निःशुल्क समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन एवं पुलिस को सिमरिया घाट की व्यवस्था को कड़ी निगरानी में चुस्त–दुरूस्त रखने का निर्देश दिया।

******